पहली नजर

राजमार्ग कोहरे के आगोश में, हैड लाइट जलाकर चल रहे वाहन।

कोहरे से राजमार्ग पर यातायात रहा बाधित

पावटा,(श्रीकान्त मिश्रा): क्षेत्र में शनिवार को सर्दी के मौसम का पहला कोहरा छाने के साथ हवाओं का रुख भी सर्द हो गया। कोहरे की सघनता अधिक होने से चारों तरफ कोहरे की सफेद चादर दिखाई दे रही थी। एनएच 48 पर संचालित वाहन दिन में हैड लाइट जलाकर रेंगते हुए चल रहे थे। कोहरा सुबह 10 बजे बाद छटा। कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ.रामजी लाल यादव के अनुसार यह कोहरा सरसों की फसल के लिए काफी लाभदायक है।

भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आज

पावटा,(श्रीकान्त मिश्रा): ग्राम करोड़ी (राजनौता) के प्रधान मैरिज प्लेस में रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित होगा। कार्यक्रम संयोजक उप प्रधान पिंकी कंवर व पूर्व उप प्रधान कोटपूतली राजेन्द्र सिंह टीटू ने बताया कि दोपहर 1 बजे से आयोजित कार्यक्रम में विधायक रामलाल शर्मा,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राव राजेंद्र सिंह,पूर्व विधायक फूलचंद भिण्डा सहित विधानसभा के 229 अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष सहित अनेक पदाधिकारी भाग लेंगे।

व्यापार महासंघ की बैठक आयोजित

किशनगढ़-रेनवाल,(द्वारका प्रसाद सरोज): शहर के सूरज भवन धर्मशाला में शनिवार को व्यापार महासंघ की बैठक आयोजित हुई। अशोक असावा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में माह की 15 तारीख को सभी तरह के प्रतिष्ठान बंद करने का निर्णय हुआ। इसके साथ 18 दिसंबर को प्रस्तावित उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के अभिनदंन समारोह में शामिल होने के साथ शहर की मुख्य समस्याओं के निवारण का मांग पत्र देनें का निर्णय भी लिया गया।

लोक अदालत में अनेक प्रकरणों का हुआ निस्तारण

चाकसू,(आमीन खान): यहां न्यायालय अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश चाकसू में न्यायाधीश चंद्रशेखर पारीक की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। जिसमें 11 नियमित फौजदारी,15 प्रकरण धारा 138 एनआई एक्ट तथा 3 प्रकरण बैंक प्री लिटिगेशन के वाद आपसी समझाइश से निस्तारित किए गए। लोक अदालत में कुल 24000000 रुपए की वसूली हुई। इस अवसर पर दी बार एसोसिएशन चाकसू के महासचिव सुनील कुमार शर्मा,मुकेश कुमार मामोडिया, राजेश चौधरी उपस्थित रहे।

पवन गुर्जर का राष्ट्रीय स्तर पर सॉफ्टबॉल टीम में चयन

भानपुरकलां,(पंजाब केसरी): ग्राम पंचायत बासना स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पवन गुर्जर का सॉफ्टबॉल टीम के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने पर गांव में खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य लालाराम मीना ने बताया कि विद्यालय प्रशासन एवं ग्रामीणों की ओर से गुर्जर को माला पहनकर स्वागत किया गया।

नवसृजित कोटखावदा पंचायत समिति एवं तीन पंचायतों का गठन रद्द

चाकसू,(आमीन खान): काफी प्रयासों के बाद कोटखावदा को पंचायत समिति बनने का अवसर मिला था,लेकिन राजस्थान हाईकोर्ट ने ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की ओर से 2 दिसम्बर को जयपुर जिले में नवसृजित कोटखावदा पंचायत समिति एवं 21 नई पंचायतों के गठन के नोटिफिकेशन को रद्द कर दिया है। इससे क्षेत्र के लोगों के प्रधान,पंच व सरपंच बनने के सपने अधूरे ही रह गए।

ओलों की मार से अगेती फसल पूरी तरह से खराब

किशनगढ़-रेनवाल,(द्वारका प्रसाद सरोज): गुरुवार की रात ओली की मार से लुनियावास,बधाल व इंटावा क्षेत्र में फसलों को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया है। स्वयं प्रशासन अगेती फसल में 90 प्रतिशत नुकसान की बात कह रहा है। शनिवार को विधायक निर्मल कुमावत ने राजस्व विभाग के कर्मचारियों के साथ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया तथा सरकार से अविलंब किसानों को मुआवजा देने की मांग की।

इससे पहले शुक्रवार को कांग्रेस नेता विद्याधर सिंह ने भी अधिकारियों के साथ क्षेत्र में फसल के नुकसान का मुआयना किया था। गिरदावर ने मूलचंद जाट ने बताया कि ओलों से यदि खड़ी फसल को नुकसान हुआ हो तो किसान एचडीएफसी एग्रो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के टोल फ्री नं 18002660700 पर सीधे शिकायत दर्ज कराएं।

परिचय सम्मेलन का आयोजन आज

कोटपूतली,(आनंद पंडित): सैनी समाज की ओर से सामूहिक विवाह आयोजन को लेकर युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन रविवार को बानसूर में होगा। सैनी महासभा समिति बानसूर के उपाध्यक्ष सुरेशचंद सैनी ने बताया कि इस दौरान आवेदकों को दो फोटो,आधार कार्ड की प्रति,जन्म तिथि प्रमाण-पत्र की प्रति साथ लेकर आना होगा। आगामी 25 फरवरी को सैनी समाज सामूहिक विवाह एवं उत्थान समिति अलवर के तत्वावधान में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

भामाशाह का किया नागरिक अभिनंदन

पावटा,(श्रीकान्त मिश्रा): ग्राम बड़नगर में शनिवार को पूर्व विधायक रामचंद्र सराधना के मुख्य आतिथ्य व श्री गोपाल बगीची के महंत ज्ञानदास महाराज के सानिध्य में ग्रामीणों ने भामाशाह का नागरिक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम संयोजक दीप सिंह शेखावत सहित अनेक लोगों ने बताया कि शनिवार को भामाशाह फतेहचंद व रामजीलाल अग्रवाल का स्वागत ग्रामीणों की ओर से किया गया। भामाशाह ने गांव के मुख्य मार्ग पर शिवालय व मुख्य चौपाल का निर्माण करवाया है। जिसकी कुल लागत 20 लाख रुपए है।

हजारों की संख्या में दिल्ली पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ता

कैबिनेट मंत्री कटारिया व राज्यमंत्री राजेन्द्र यादव ने किया रवाना

कोटपूतली,(आनंद पंडित): अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से शनिवार को नई दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के नेतृत्व में आयोजित भारत बचाओ रैली में कोटपूतली समेत जयपुर देहात की सभी विधानसभा क्षेत्रों से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

शनिवार अल सुबह राजमार्ग स्थित कांग्रेस कार्यालय के सामने कार्यकर्ताओं से भरे वाहनों को प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लालचन्द कटारिया व कांग्रेस जिलाध्यक्ष व राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने कांग्रेस ध्वज दिखाकर रवाना किया। इस दौरान यादव ने कहा कि देश के लोकतंत्र व संविधान को बचाने की लड़ाई कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस रैली के माध्यम से शुरू की है। आज राजस्थान का प्रत्येक कांग्रेस

कोटपूतली से कार्यकर्ताओं को रवाना करते मंत्री लालचंद कटारिया व राजेंद्र यादव। (छायाः पंजाब केसरी)

कार्यकर्ता मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व पीसीसी अध्यक्ष सचिन पायलट के नेतृत्व में आलाकमान के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की मोदी व शाह की जोड़ी देश के लोकतंत्र व संविधान को छिन्न-भिन्न कर देना चाहती है। आज देश में अराजकता का माहौल है। अर्थव्यवस्था तबाह हो चुकी है। कैबिनेट मंत्री लालचन्द कटारिया ने कहा कि केन्द्र सरकार ने भारत की जनता के गाढ़ी कमाई के लोक उपक्रमों को बर्बाद करने का षड्यंत्र रचा है। जिसका पर्दाफाश कर कांग्रेस कार्यकर्ता अब देश की जनता के सामने लाएंगे। कांग्रेस पार्टी ने भारत से अंग्रेजों को उखाड़ फेंका। अब इस निरंकुश सरकार को हटाने की जिम्मेदारी भी पार्टी कार्यकर्ताओं की है।इस दौरान डीसीसी उपाध्यक्ष प्रकाशचंद सैनी,रमेश जिन्दल, बीएल यादव, विराट यादव, ब्लॉक अध्यक्ष छीतरमल सैनी व जितेन्द्र यादव, विनोद कसाना, धर्मपाल समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।दूसरी ओर कांग्रेस नेता जगमाल सिंह यादव एवं कांग्रेस नेता रमेश गुप्ता के नेतृत्व में काफी संख्या में कार्यकर्ता अनेक वाहनों में सवार होकर काफिले के रुप में दिल्ली पहुंचे। विधि मानवाधिकार एवं आरटीआई विभाग के जिला महामंत्री रतिराम अलोरिया ने बताया कि कांग्रेसी सुबह ही कोटपूतली से रवाना होकर दिल्ली में आयोजित रैली में हिस्सा लिया।

हरमाड़ा पुलिस पर युवक ने लगाए मारपीट का आरोप

हरमाड़ा,(सीपी गहलोत): थाना पुलिस पर एक युवक ने मारपीट करने के आरोप लगाए। युवक के शरीर पर जगह-जगह चोट के निशान हैं। युवक ने पूरे मामले को लेकर जयपुर पश्चिम डीसीपी कावेंद्र सागर को भी शिकायत की है। चौमूं इलाके के हाड़ोता गांव निवासी कानाराम ने हरमाड़ा पुलिस थाने में तैनात एएसआई जितेंद्र सिंह पर मारपीट करने के आरोप लगाए हैं।

पीड़ित ने बताया कि10 दिसंबर को हरमाड़ा थाने के पुलिसकर्मी रात को उसके घर आए और राधाकिशनपुरा गांव में हुई आगजनी के मामले में पूछताछ की। पूछताछ के बाद पुलिस चली गई। आधे घंटे बाद पुलिसकर्मी फिर से उसके घर आए और उसे जबरन उठाकर ले गए।

पीड़ित ने कमरे में बंद करके मारपीट करने का आरोप लगाया है। हालांकि इस पूरे मामले में हरमाड़ा थानाधिकारी रमेश सैनी ने पीड़ित के आरोपो को बेबुनियाद बताया है।

थाना अधिकारी ने बताया कि युवक कानाराम को पूछताछ के लिए लाया गया था,लेकिन मारपीट जैसी कोई बात नहीं है। राधा किशनपुरा में मजदूरों पर जानलेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहा आरोपी सुभाष हाड़ोता निवासी कानाराम के घर रुका था। इसकी सूचना पुलिस को मिली थी और इसी पर पूछताछ के लिए कानाराम को थाने में बुलाया गया था। मारपीट नहीं की गई।

इनका कहना है

मुझे इस मामले में जानकारी है और मेरे पास कानाराम और उसके परिजन शिकायत करने आए। एएसआई जितेंद्र सिंह सहित तीन-चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ मारपीट की शिकायत दी है,जिसकी जांच मैंने चौमूं एसीपी प्रियंका कुमावत को सौंपी है।

-कावेंद्रसागर, जयपुर पश्चिम डीसीपी।

जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित

पावटा,(श्रीकान्त मिश्रा): कल्याणपुरा ग्राम की राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में सरपंच प्रहलाद मांठ व कांग्रेसी नेता राजेश गुर्जर के मुख्य आतिथ्य में बच्चों को भामाशाह बद्रीप्रसाद गुर्जर ने स्वेटर वितरित किए।

कारोली में स्वेटर वितरण करते हुए अतिथि व शिक्षक। (छायाः पंजाब केसरी)

इस अवसर विद्यालय प्रधानाध्यापक प्यारेलाल धानका,शिक्षक रामस्वरूप दिनेश कुमार, शिक्षिका सुनीता देवी ने भामाशाह व अतिथियों का स्वागत किया। वहीं फतेहपुरा ग्राम के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं को विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों के आर्थिक सहयोग से स्वेटर वितरण सरपंच हरिसिंह यादव की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिटायर्ड शिक्षा उपनिदेशक बद्रीनारायण दायमा, विशिष्ट अतिथि मनोज शर्मा आरपी और रतिराम बुनकर प्रधानाचार्य थे।

इधर कारोली ग्राम की ढाणी रेलां की राजकीय प्राथमिक विद्यालय में सरपंच रामकरण सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में भामाशाह रामकुंवार बुर्जा ने विद्यार्थियों को स्वेटर बांटे।

बीकानेर निवासी पुलिस एसआई का निधन

कोटपूतली, (बालकृष्ण शुक्ला): दिल्ली उपचार कराने ले जा रहे बीकानेर के रहने वाले एक पुलिस उप निरीक्षक की कोटपूतली में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मामले में अभिषेक देवड़ा पुत्र सुरेश कुमार देवडा निवासी बीकानेर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 47 वर्षीय उसके पिता सुरेश कुमार धोबी लीवर की बिमारी से पीड़ित थे। उन्हें बीकानेर से दिल्ली उपचार के लिए ले जाया जा रहा था।

रात्रि करीब ढाई बजे अचानक तबियत अधिकार खराब होने पर यहां के राजकीय बीडीएम अस्पताल में उनकी ईसीजी करवाई गई,जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक सुरेश कुमार पुलिस महकमे में उप निरीक्षक पद पर कार्यरत था।

खेलों से सामाजिक प्रतिष्ठा का भी होता है निर्माण

तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का समापन

कोटपूतली,(बालकृष्ण शुक्ला): शहर के हंस इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय खेल महोत्सव का समापन शनिवार को संस्था के चेयरमैन एडवोकेट अशोक बंसल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यकम में विशिष्ट अतिथि के रुप में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुभाष शर्मा व आरपी राजेन्द्र कुमार सैनी मौजूद रहे।इस मौके पर वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में खेलों से सामाजिक प्रतिष्ठा का भी निर्माण होता है। हार-जीत चलती रहती है। हमें भविष्य में अच्छे परिणाम के लिए प्रयास करना चाहिए। समापन पर खो-खो के फाइनल मैच का आयोजन हुआ। अतिथियों ने सभी

कोटपूतली में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते अतिथि।

विजेताओं को मैडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। हंस कॉलेज के कार्यकारी निदेशक उमेश बंसल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान प्राचार्य राकेश यादव,कुसुम दत्ता,राकेश शेखावत समेत बड़ी संख्या में स्टॉफ सदस्य मौजूद थे। प्राचार्य राकेश यादव ने बताया कि खो-खो में क्रमशः सीनियर वर्ग में जल हाउस,जूनियर गर्ल्स में पृथ्वी हाउस,जूनियर ब्वॉय में जल हाउस प्रथम स्थान पर रहे,जबकि बैडमिंटन में सीनियर ब्वॉय में वायु हाउस,सीनियर गर्ल्स में जल हाउस,वॉलीबॉल में अग्नि हाउस प्रथम स्थान पर रहे। स्केटिंग में देशराज व कृतिका ने प्रथम व दिव्या ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

प्रदूषण का मुख्य कारण हमारे गिरते हुए संस्कार हैं

दो दिवसीय राष्ट्रीय पर्यावरण संगोष्ठी का समापन

कोटपूतली,(बालकृष्ण शुक्ला): यहां के राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय में पर्यावरण समस्याएं, समाधान एवं संभावनाएं विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन शनिवार को हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगी रमननाथ ने अपने सबोधन में कहा कि भारतीय प्राचीन संस्कृति में पर्यावरण मानव एवं समस्त जीव जन्तुओं का बहुत ही अटूट रिश्ता रहा है। भारत की नदियों एवं वृक्षों को पूजनीय माना गया है। हमारा योग दर्शन विश्व के लिए एक अमूल्य देन है। वातावरणीय प्रदूषण का मुख्य कारण हमारे गिरते हुए संस्कार हैं। मुख्य वक्ता कैलाश शर्मा ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण के साथ वैचारिक प्रदूषण बहुत घातक है।

कोटपूतली में राष्ट्रीय सेमिनार के समापन पर मंचासीन अतिथि व मौजूद लोग। (छायाः पंजाब केसरी)

वैचारिक स्वच्छता में ही पर्यावरणीय स्वस्थता छिपी हुई है।

विशिष्ट अतिथि प्रो. एस. एस. खनका ने कहा कि आहार-विचार और व्यवहार का अपूर्व सामंजस्य है। इस सामंजस्य का असंतुलन ही पर्यावरण प्रदूषण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो.हेमराज मीणा ने विद्वानों तथा महाविद्यालय के संकाय सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

सत्रों के मुख्य वक्ता शाहीना परवीन, डॉ.सुलोचना शर्मा, डॉ.सत्यवीर सिंह, डॉ.बबीता यादव, प्रो.आर.के.सिंह, डॉ.आर.पी.गुर्जर, अनिल कुमार शर्मा, डॉ.कल्पना गुप्ता, डॉ.सुनीता शर्मा, डॉ.कमलेश आदि रहे।

कैंसर बचाव विषय पर व्याख्यान आयोजित

कोटपूतली,(बालकृष्ण शुक्ला): यहां के राजकीय पाना देवी कन्या महाविद्यालय में शनिवार को कैंसर विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री कल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय निम्बाहेड़ा चित्तौड़गढ़ के प्रो.अशोक कुमार ने कैंसर बचाव पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि कैंसर विकिरण, प्रदूषण आनुवांशिक, धूम्रपान आदि कारणों से होता है। कैंसर की बिमारी में कोशिकाओं का अनियंत्रित विभाजन होता है। उचित जीवन शैली, व्यायाम, प्रकृति से नजदीकी, हवादार कमरों में रहने, एन्टी ऑक्सीडेन्ट युक्त भोजन जैसे ताजी फल-सब्जियों के सेवन से बचाव संभव है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ.अजीत कुमार शर्मा ने भी कैंसर विषय पर अपने विचार रखे। संचालन डा.संगीता सिन्हा ने किया।

बिजली की अघोषित कटौती से लोग परेशान

भानपुरकलां,(पंजाब केसरी): कस्बे सहित राजपुरवास ताला,काली पहाड़ी चारणवास,चक चारणवास, बासना, नांगल तुलसीदास एवं टोडा मीना सहित करीब एक दर्जन गांव एवं ढाणियों में बिजली की अघोषित कटौती से किसान एवं विद्यार्थी खासे परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली निगम की ओर से बगैर किसी सूचना के बिजली की अघोषित कटौती की जा रही है। चक निवासी सुनील भार्गव आदि ने बताया कि इन दिनों विद्यार्थियों की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं। निगम की ओर से बिजली की कटौती किए जाने के कारण परीक्षार्थियों परेशान हैं। वहीं दूसरी ओर राजपुरवास निवासी कालूराम कपूरिया ने बताया कि राजपुरवास एवं आसपास के क्षेत्र में बिजली की समस्या के चलते क्षेत्र के किसान खासे परेशान हैं। ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों ने निगम से बिजली की अघोषित कटौती बन्द करने की मांग की।

इनका कहना है

मामले की जानकारी करता हूं। बिजली कटौती हो रही है तो सम्बंधित जेईएन एवं एईएन से बात करता हूं। अगर बिजली कटौती हो रही है तो गलत है।

-एके सिंघल, एक्सईएन,बिजली निगम,जयपुर।

अतिक्रमण को लेकर उपखण्ड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

पावटा,(श्रीकान्त मिश्रा): ग्राम पंचपहाड़ी के निवासियों ने उपखण्ड अधिकारी कोटपूतली को एक ज्ञापन सौंपते हुए सवाईचक भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को रुकवाने की मांग की है। ग्रामीण किशन सिंह, महेश सिंह, जयराम सिंह, रामसिंह, गोपाल सिंह सहित अनेक लोगों ने बताया कि खसरा संख्या 665 भूमि सवाईचक है। जिसमें राजूसिंह, बाबू सिंह, रामवीर सिंह, श्योपाल सिंह अतिक्रमण करते हुए अवैध रूप से पुख्ता दुकान बना रहे हैं। वहीं पास में ही खसरा संख्या 668 भूमि सुरेश सिंह की है। सुरेश के मना करने के बाद भी ये लोग वहां से मिट्टी उठा रहे हैं। मना करने पर ये लोग मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त खसरा 668 पूरे गांव का सामूहिक खसरा नम्बर है। जिसके चलते पूरा गांव उक्त निर्माण के खिलाफ है। ग्रामीणों की मांग पर उपखण्ड अधिकारी ने राजस्व विभाग व पटवारी को जांच के आदेश दिए हैं।

रिवाल्वर की नोंक पर नकदी छीन ले जाने का आरोप

कोटपूतली,(आनंद पंडित): एक व्यक्ति ने पूर्व सरपंच पर रिवाल्वर की नोक पर नकदी छीन ले जाने का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाने में नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस के मुताबिक, समीप के करवास ग्राम निवासी प्रकाश चन्द पुत्र भंवराराम जाट ने मुकदमा दर्ज कराया है कि वह प्रोपर्टी का व्यवसाय करता है। गत दिवस शाम को वह अपनी स्कार्पियो कार से ऑफिस की ओर जा रहा था। ओम विहार कॉलोनी में पहुंचते ही एक हुण्डई कार चालक ने ओवरटेक कर उसके आगे अपनी कार लगा दी। आरोप है कि जयसिंहपुरा का पूर्व सरपंच शीशराम बिजारनिया हाथ में मोटा पत्थर व रिवाल्वर लेकर आया और स्कार्पियो के फ्रंट व फाटक का शीशा तोड़कर उसकी कनपटी पर रिवाल्वर तान दी और धमकी देते हुए उसकी जेब में रखी 85 हजार रुपए की नकदी छीन ली। आरोप है कि उसने घटना के संबंध में किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। रिपोर्ट के अनुसार, 7 दिसम्बर को उसके व्हाट्सअप पर भी जान से मारने की धमकी भरा वाइस मैसेज भेजा था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज की छानबीन प्रारंभ कर दी है।

झगड़ा करते दो गिरफ्तार

कोटपूतली,(बालकृष्ण शुक्ला): पुलिस ने आपस में झगड़ा करने पर दो जनों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक एक सूचना पर पुलिस शहर के ओमविहार कॉलोनी में पहुंची तो वहां पुराने हिसाब की लेन-देन को लेकर मुकेश पुत्र कैलाश गुर्जर निवासी ज्ञानपुरा व धर्मवीर पुत्र मांगेलाल स्वामी निवासी डूंगाकाबास नारायणपुर आपस में झगड़ा करते मिले। पुलिस ने दोनों को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया।

ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स (भारत सरकार का उपक्रम)

मण्डलीय कार्यालय, जयपुर, प्रथम तल, झालाना इंस्टीटूशनल एरिया, जयपुर-302004 (राज.), फोन: 0141-2716502,

चल एवं अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सार्वजनिक नीलामी सूचना

चल एवं अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना,

ईएमडी (धरोहर राशि) प्रस्तुति की अंतिम तिथि व समय: 30.12.2019 को सांयकाल 04:00 बजे तक, ई-नीलामी की दिनांक 31.12.2019 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक प्रतिभूत हित (प्रर्वतन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन चल/अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित चल/अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास दृष्टिबंधक/गिरवी है, का प्रलक्षित/भौतिक कब्जा (जो भी लागू हो) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहां है, जैसी है, और जो कुछ भी है" के आधार पर ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **दिनांक 31 दिसम्बर, 2019** को बेचा जायेगा। प्रतिभूत लेनदार, ऋणीयों, बन्धककर्ताओं व जमानतदारों के नाम नीचे वर्णित है। आरक्षित मूल्य व धरोहर राशि नीचे वर्णित है।

ज्ञात सम्पत्तियों के साथ चल/अचल सम्पत्तियों का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई हो, निम्नानुसार है-

लॉट नं.	शाखा एवं खाते का नाम	सम्पत्ति के मालिक का विवरण	मांग सूचना की दिनांक / बकाया राशि (प्रतिभूत बकाया) दिनांक 30.11.2019 आगे का ब्याज एवं प्रभार अतिरिक्त	अधिनियम की धारा 13(4) के अन्तर्गत कब्जे की दिनांक	प्रतिभूत लेनदारों के ज्ञात प्रभारों का विवरण	ईएमडी जमा खाते का विवरण	आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की दिनांक व समय व सम्पर्क अधिकारी का विवरण
1.	मैसर्स ईकैब जरिये प्रोपराइटर श्रीमती निधि यादव पत्नी श्री संदीप यादव (already settled by the party) 39-42 पुरूषार्थ नगर, गोनेर रोड़, जगतपुरा, 7 नं. बस स्टेण्ड के पास, जयपुर खाता शाखा कार्यालयः आदर्श नगर, जयपुर।	1. दृष्टिबन्धक वाणिज्यिक वाहन Renault Duster Diesel RXL OPT 110 PS Engine No. 062187 Chasis no. 8004272. Color white body, Registration no. RJ-14 TB 4505 Year of Manf. 2012. 2. दृष्टिबन्धक वाणिज्यिक वाहन Renault Duster Diesel RXL OPT 110 PS Engine No. D001712 Chasis no. 07002204. Color white body, Registration no. RJ-14 TB 4503 Year of Manf. 2012.	22.04.2016 राशि रू. 2290613/-	26.09.2018 (भौतिक कब्जा)	ज्ञात नहीं	खाता संख्याः 06721181000088 खाते का नामः धरोहर राशि खाता, मैसर्स ईकैब लाभार्थी का नामः ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स शाखा आदर्श नगर, जयपुर IFSC Code: ORBC0100672	रू. 3.00 लाख / रू. 0.30 लाख / रू.0.10 लाख / रू. 3.20 लाख / रू. 0.32 लाख / रू.0.10 लाख	दिनांक 31.12.2019 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक विवरण सम्पर्कः श्री धमेन्द्र मीणा मुख्य प्रबन्धक गों. नं. 9950266805, श्री शकुन्तला नवल शाखा प्रबन्धक शाखा आदर्श नगर, जयपुर मो. नं. 9414280107, ई-मेलः bm0672@obc.co.in
2.	मैसर्स वंश एग्रो प्रोडक्ट्स जरिये इसके राम प्रसाद पुत्र श्री भूरा राम चौधरी, खाता शाखा कार्यालयः अजमेर रोड़, जयपुर	श्री राम प्रसाद चौधरी पुत्र श्री भूरा राम चौधरी के नाम से साम्यिक वाणिज्यिक दूकान नं. 301, तृतीय तल सिटी सेन्टर प्लॉट नं. 06, मुकुन्दगढ़ हाऊस, चौकरी हवेली, सहर, संसारचन्द रोड़, जयपुर में स्थित जिसका क्षेत्रफल 440 वर्गफीट। सीमाएं : पूर्व - यूनिट नं. 302, पश्चिम : खुला टेरेस, उत्तर- खुला आकाश, दक्षिण : कोरिडोर	10.04.2017 राशि रू. 5208121.75	17.09.2018 (भौतिक कब्जा)	ज्ञात नहीं	खाता संख्याः 04181181000068 खाते का नामः धरोहर राशि खाता वंश एग्रो प्रोडक्ट्स लाभार्थी का नामः ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स शाखा अजमेर रोड़, जयपुर IFSC Code: ORBC0100418	रू. 28.59 लाख / रू. 2.86 लाख / रू.0.10 लाख	दिनांक 31.12.2019 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक सम्पर्क विवरणः श्री धमेन्द्र मीणा मुख्य प्रबन्धक आरआर क्लस्टर जयपुर मों. नं. 9950266805, श्री अनिल बंसल शाखा प्रबन्धक, शाखा कार्यालय अजमेर रोड़, जयपुर मो. नं. 9887024180 ई-मेलःbm0418@obc.co.in

नियम एवं शर्तेः- 1. नीलामी "जैसा है जहां है" तथा "जैसा है जो भी है" "जो कुछ भी है" के आधार पर हो रही है। 2. ईएमडी (धरोहर राशि) तथा प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि व समयः 30.12.2019 को सांय 4.00 बजे तक। 3. प्राधिकृत अधिकारी के पास उपलब्ध जानकारी व सूचनाओं के अनुसार सम्पत्ति पर कोई प्रभार नहीं है, फिर भी इच्छुक बोलीदाता प्रभारों, सम्पत्तियों के हक विलेखों के सम्बन्ध में स्वयं की स्वतंत्र जानकारी प्राप्त कर तथा निरीक्षण कर स्वयं को संतुष्ट करेंगें। संपत्ति का निरीक्षण किसी भी कार्यदिवस पर प्रातः 10 बजे से सांय 05 बजे के मध्य किया जा सकता है। 4. इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि बोलीदाता द्वारा जमा की गई राशि पर बैंक द्वारा किसी भी प्रकार की लागत, क्षति, ब्याज एवं क्षतिपूर्ति इत्यादि का भुगतान नहीं किया जायेगा। किसी न्यायालय/अधिकरण/मंच से नीलामी प्रक्रिया के स्थगन आदेश होने की दशा में बैंक किसी भी परिस्थिति में संपत्ति के रिक्त/कब्जे के हस्तांतरण हेतु उत्तरदायी नही होगा जो कि संपत्ति के रिक्त/कब्जे के हस्तांतरण में देरी होने का कारण हो सकता है, जो कि किसी भी न्यायालय/अधिकरण/मंच के आदेश से स्थगन प्रतिबंधित किये जाने के कारण होगा। 5. प्राधिकृत अधिकारी को किसी एक अथवा समस्त प्रस्ताव को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने अथवा बिना कोई कारण बताये स्थगित/आगे बढ़ाने/रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा। 6. इच्छुक बोलीदाता जिन्होंने धरोहर राशि जमा कर दी हो तथा लॉगिन आईडी, पासवर्ड बनाने, डाटा अपलोड करने, बोली जमा कराने तथा ई-नीलामी प्रक्रिया हेतु प्रशिक्षण के लिए सहायता की आवश्यकता हो तो वे मैसर्स एन्ट्रेस सिस्टम लि. 24, सुधा कॉम्पलेक्स, तृतीय स्टेज, चतुर्थ ब्लॉक, बश्वेश्वरा नगर, बैंगलोर-560079 ई-मेलः mail@antaressystems.com, हैल्पलाईन नं. +91-8040482000 and +91-8040482114: श्री पुष्पराज मो. नं. 7503347659 email ID pushpraj@antaressystems.com एवं श्री कुशल बोस, मो. 7686913157 email ID kushal.b@antaressystems.com. से कार्यालय समय में सोमवार से शनिवार सम्पर्क कर सकते है। (विस्तृत नियमों एवं शर्तो हेतु वेबसाईट www.antaressystem.com & www.obcindia.co.in, https://eprocure.gov.in/eprocure/app & https://ibapi.in का संदर्भ ले।)

दिनांक : 13.12.2019, स्थान : जयपुर

सरफेसी अधिनियम 2002 के अन्तर्गत 15 दिवस की वैधानिक विक्रय सूचना

प्राधिकृत अधिकारी, ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स

छात्रसंघ राजनीति में प्रवेश की पहली सीढ़ीः राठौड़

बीआर महाविद्यालय में छात्रसंघ उद्घाटन व प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

टॉपर छात्रों को स्कूटी प्रदान की

शाहपुरा (गोपाल शर्मा): पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं जयपुर ग्रामीण सांसद राज्यवर्धनसिंह राठौड़ ने कहा कि छात्रसंघ राजनीति में प्रवेश करने की पहली सीढ़ी है। निर्वाचित पदाधिकारियों को छात्र हितार्थ कार्य करना चाहिए। सांसद राठौड़ बीआर महाविद्यालय में छात्रसंघ कार्यालय का उद्घाटन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में बोल रहे थे।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री राठौड़ ने कहा कि शिक्षा से छात्रों के व्यतित्व